भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर

शीतावकाश गृहकार्य-हिंदी, कक्षा-दसवीं (2014-15)

प्रश्न 1 आपने नया मकान बनवाया है, उसके लिए बिजली के नए मीटर लगवाने हैं। बिजली-विभाग के अधिकारी को पत्र लिखकर इसके विषय में जानकारी प्राप्त कीजिए।

प्रश्न 2 किसी लोकप्रिय दैनिक समाचार-पत्र के संपादक के नाम पत्र लिखकर सी बी एस ई द्वारा दसवीं कक्षा के हिंदी-विषय के पाठ्यक्रम में लाए गए परिवर्तनों पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

प्रश्न 3 किसी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता की ओर से अपने अध्यक्ष नेता के जन्मदिवस के अवसर पर शुभकामनाएँ देते हुए 20-25 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न 4 कॉलेज में प्रवेश-प्रक्रिया के आरम्भ होने के सम्बन्ध में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न 5 आगामी माह में होने वाले वार्षिकोत्सव से सम्बंधित तैयारी के लिए विद्यार्थी-परिषद की बैठक के लिए 20-30 शब्दों में एक सूचना-पत्र तैयार कीजिए।

प्रश्न 6 विद्यालय-पत्रिका के लिए रचनाएँ आमंत्रित करते हुए एक सूचना-पत्र लिखिए।

प्रश्न 7 बस के गंतव्य और समय को लेकर यात्री और बस-संवाहक (कंडक्टर) के मध्य हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 8 'शिक्षा का माध्यम हिंदी हो या अंग्रेज़ी' - इस विषय पर दो अभिभावकों के मध्य हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

प्रश्न 9 दिए गए विषयों पर संकेत-बिन्दुओं के आधार पर 80-100 में अनुच्छेद लिखिए :

(क) आओ भारत सँवारें - (1) देश-भक्ति एवं प्रेम, समस्याओं से मुक्त, सभी देशवासियों को सुख-सुविधाएँ, (2) भारत की विशेषताएँ, (3) उसके विकास और प्रगति के उपाय।

(ख) वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे - (1) भूमिका, (2) दूसरों को सुख देना मानवता, (3) परोपकारी महापुरुषों के उदाहरण, (4) उपसंहार।

नोट- उपयुक्त प्रश्नों में से कोई भी एक पत्र, एक संवाद, एक विज्ञापन, एक सूचना तथा एक अनुच्छेद अपनी पसंद से चुनकर लिखिए।